समाचार

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन पूर्ण निष्ठा व एलर्ट मोड पर करें – आयुक्त

## (आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की कार्यप्रगति सहित नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की समीक्षा की, शासकीय योजनाओं के त्रुटिरहित संचालन पर विशेष फोकस)




कोरबा 13 अक्टूबर 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी व फ्लैगशिप योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी, इन योजनाओं का सफल एवं त्रुटिरहित संचालन सुनिश्चित करें, शासन की मंशा के अनुसार पात्र लोगों तक इनका लाभ पहुंचाएं, नागरिकों की समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ लें, समयसीमा पर उनका निराकरण करें। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र की मरम्मत योग्य सड़कों के मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ कराएं, साथ ही राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाएं।

आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं, राजस्व अधिकारियों सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के जुड़े अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने ओ.बी.सी. सर्वे कार्य की कार्यप्रगति, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन, जनकल्याणकारी योजनाएं गोधन न्याय योजना, श्री धनवंतरी योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री डायरेक्ट बिल्डिंग परमिशन स्कीम, मुख्यमंत्री मितान योजना, अनियमित विकास का नियमितीकरण सहित शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गोधन न्याय योजना की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए गोठानों की व्यवस्थाएं, गोबर की नियमित खरीदी, खाद का निर्माण एवं बिक्री, गोबर व खाद का सुरक्षित भण्डारण आदि सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधिता

अधिकारियों को दिए। उन्होने प्रत्येक गोठान में नियमित रूप से गोबर की खरीदी सुनिश्चित करने तथा गोबर से पेन्ट निर्माण सहित अन्य नवाचारों पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित श्री धनवंतरी योजना जेनेरिक मेडिकल दुकान में दवाओं की बिक्री की समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम कोरबा क्षेत्र स्थित श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में जेनेरिक दवाओं की बिक्री फिलहाल संतोषजनक है किन्तु नगर पालिका व नगर पंचायतों में कार्यप्रगति धीमी है, वहॉ पर जेनेरिक दवाओं की बिक्री बढ़े, लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचे तथा इसका लाभ वे प्राप्त करें, इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएं।

**अनियमित विकास नियमितीकरण में तेजी लाएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अनियमित विकास के नियमितीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों एवं नियमितीकरण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने सभी जोन प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में अनियमित विकास व निर्माण को सूचीबद्ध कराएं, संबंधित व्यक्तियों को नोटिस दें कि वे आर्किटेक्ट के माध्यम से 15 दिवस के अंदर आवेदन करें ताकि उनके अनियमित विकास का नियमितीकरण हो सके। उन्होने कहा कि यह जनहित का कार्य है, अतः इसे प्राथमिकता पर रखकर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**सड़कों के मरम्मत व निर्माण पर फोकस** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित सड़कों के सभी स्वीकृत कार्यो को तुरंत प्रारंभ कराएं, मरम्मत योग्य सड़कों की मरम्मत हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करें, सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा कार्य पूर्ण गुणवत्तायुक्त हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की आधिपत्य वाली सड़कों के मरम्मत, सुधार व नवनिर्माण हेतु संबंधित प्रतिष्ठानों को पत्र जारी करें।

**आवारा मवेशियों पर प्रभावी नियंत्रण हों** – बैठक के दौरान आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों पर स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर कार्यवाही जारी रखें, सड़कों, मार्गो में मवेशियों के स्वच्छंद विचरण से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानी होती है, अतः इस पर विशेष फोकस रखकर प्रभावी कार्यवाही करते हुए यह सुनिश्चित करें कि सड़कों व मार्गो में मवेशियों का स्वच्छंद विचरण न हों।

**राजस्व की वसूली में तेजी लाएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के राजस्व अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं, सम्पत्तिकर सहित अन्य करों एवं भवन व दुकान के किराये की राशि निगम कोष में जमा हों, इस हेतु समुचित रूप से आवश्यक कदम उठाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने करदाताओं से भी अपील करते हुए कहा है कि चूंकि नगर निगम करों से प्राप्त राशि के द्वारा नगर का विकास व नागरिक सेवाओं व सुविधाओं संबंधित कार्यो का संपादन करता है, अतः निगम को देय कर राशि का भुगतान नियमित रूप से करें तथा एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता द्वय एम.के.वर्मा व मनोज ठाकुर, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, जोन कमिश्नर एम.एन.सरकार, अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सहायक लेखाधिकारी अशोक देशमुख, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी अशोक बनाफर, राजबहादुर सिंह, अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, प्रकाश चन्द्रा, योगेश राठौर, राकेश मसीह, एच.आर. बघेल, गोयल सिंह विमल, विवेक रिछारिया, यशवंत जोगी, रमेश सूर्यवंशी, विपिन मिश्रा, देवेन्द्र स्वर्णकार, पीयूष राजपूत, हरिशंकर साहू, विनोद गोंड़, सुनील टांडे, शिल्पा राठौर, जितेश राठौर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।